an>

Title: Need to take steps to approve Vishwamitri River Project in Vadodara, Gujarat.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आपने मुझे अपने क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण विषय के संबंध में बोलने की अनुमति दी। मैं गुजरात वडोदरा के एक क्षेत्र से आई हूं। सर्व श्री शिवाजी गायकवाड़ जी की संस्कारी नगरी वडोदरा है। इसके बीच करीब 23 किलोमीटर विश्वामित्री नदी बह रही है। इस नदी में हर साल बाढ़ आती है और इस वजह से इसके आसपास रहने वाले लोगों के घरों में पानी आ जाता है। विश्वामित्री रिवर प्रोजेक्ट बहुत जरूरी है। राज्य सरकार हर साल पीड़ित लोगों की सहायता करती है। राज्य सरकार विश्वामित्री रिवर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना चाहती है।

राज्य सरकार विश्वामित्री रिवर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना चाहती है। मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री से अनुरोध करती हूं कि केंद्र सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी जाए ताकि वडोदरा के लोगों को जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, उससे मुक्ति मिल सके। धन्यवाद।